माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश, भोपाल
ई–मेल : mpbse@mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in
☎ : कार्या:– (0755) 2551650, 2761567 फैक्स – (0755) 2552061

क्रमांक / 912 / परीक्षा समन्वय / 2016 भोपाल दिनांक 19 /05/2016

प्रति,

**प्राचार्य,**
समस्त, मान्यता प्राप्त संस्थायें / अग्रेषण संस्थायें
मध्यप्रदेश।

विषयः– वर्ष 2016 की हायर सेकण्डरी / हाईस्कूल पूरक परीक्षा एवं हायर सेकण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम (द्वितीय अवसर) परीक्षा के आयोजन के संबंध में।

–//–

वर्ष 2016 की हायर सेकण्डरी / हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा, एवं हायर सेकण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम (द्वितीय अवसर) परीक्षा के **आवेदन पत्र दिनांक 01 जून 2016 से हायरसेकण्डरी परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिन पूर्व मध्यरात्रि एवं हायरसेकेण्डरी व्यावसायिक तथा हाईस्कूल परीक्षा हेतु विषयवार परीक्षा प्रारंभ दिनांक के एक दिन पूर्व मध्यरात्रि तक** भरे जा सकेंगे। पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र केवल ऑन लाईन भरने हेतु निम्न प्रक्रिया निर्धारित की गई है:–

1 पूरक पात्र छात्र स्वयं एम पी ऑन लाईन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर पूरक के विषय, अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें। जो छात्र स्वयं कियोस्क में जाकर पूरक परीक्षा हेतु आवेदन नहीं करना चाहते वह अपनी शिक्षण संस्था में नियमित छात्र जिसमें वह अध्ययनरत् थे, तथा स्वाध्यायी छात्र मुख्य परीक्षा हेतु उनके आवेदन पत्र अग्रेषण करने वाली संस्था में पूरक परीक्षा के आवेदन हेतु प्राचार्य (संस्था प्रमुख) को अपने नाम, अनुकमांक तथा पूरक के विषय की जानकारी भरने के साथ परीक्षा शुल्क जमा करा सकते है। संस्था प्रमुख इस प्रकार से आवेदन करने वाले छात्रों को उनके शुल्क जमा की रसीद देंगे। तथा निर्धारित तिथि के पूर्व ऐसे समस्त छात्रों का निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं पोर्टल चार्ज ₹25/– एवं उनके पूरक से संबंधित जानकारी सहित कियोस्क में जाकर ऑन लाईन आवेदन भरेगे। निर्धारित समय सीमा में उक्त कार्यवाही करने के लिये संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होगें।

3. **हायर सेकण्डरी परीक्षा में केवल एक विषय तथा हाईस्कूल परीक्षा में दो विषयों** में अनुत्तीर्ण छात्रों को ही पूरक की पात्रता प्रदान की गई है। हायर सेकेण्डी के समस्त विषयों की पूरक परीक्षा **सोमवार** दिनांक **04 जुलाई 2016** तथा हाईस्कूल पूरक परीक्षा दिनांक **05 जुलाई से 15 जुलाई 2016** को **प्रातः 08.30 से 11.30** बजे के मध्य निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी।

4. हायर सेकण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम (द्वितीय अवसर) परीक्षा में ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होगें जो **हायर सेकण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम मुख्य परीक्षा 2016 में पूर्ण विषयों** में सम्मिलित होकर परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहे हों। परीक्षा दिनांक **05 जुलाई से 13 जुलाई 2016** तक प्रातः **08.30 से 11.30** बजे के मध्य निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी।

5. हायर सेकण्डरी / हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के ऐसे विषयों में जिनमें प्रायोगिक परीक्षा का प्रावधान है, सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक भाग जिनमें छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं, उस भाग में ही परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। यदि कोई छात्र केवल प्रायोगिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण है तो उसे सैद्धांतिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी प्रकार से यदि कोई छात्र केवल सैद्धांतिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण है तो उसे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है।

6. पूरक परीक्षा का परीक्षाफल घोषित होने के पश्चात् सभी पूरक छात्रों की अंकसूचियां एवं उत्तीर्ण छात्रों के प्रमाण पत्र का प्रेषण समन्वयक संस्था के माध्यम से छात्रों की सम्बंधित शाला में किया जावेगा।

7. पूरक पात्र छात्रों को आवेदन पत्र भरने की तिथि एवं शुल्क का विवरण निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | विवरण | शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | प्रति विषय परीक्षा शुल्क (हायर सेकण्डरी/हाईस्कूल) नियमित/स्वाध्यायी | ₹250/– |
| 2 | प्रति विषय परीक्षा शुल्क (हायर सेकण्डरी व्यावसायिक) | ₹250/– |
| 3 | ऑन लाईन (KIOSK) संचालक को देय शुल्क (उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त) | ₹25/– |

पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 15.06.2016 से ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त किये जा सकेगें।

**अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित–**

परीक्षा नियंत्रक
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश,
भोपाल

**पृष्ठांकन क्रमांक/913 /परीक्षा समन्वय/2016** **भोपाल दिनांक 19 /05/2016**

**प्रतिलिपि :–**

1 आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश भोपाल।
2 समस्त, कलेक्टर मध्यप्रदेश।
3 समस्त, संयुक्त संचालक शिक्षा मध्यप्रदेश।
4 समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश।
5 सी. एस. ओ/पंजीयक परीक्षा/डाटा/जनसंपर्क अधिकारी/विधि अधिकारी
6 आंचलिक/समस्त संभागीय अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
7 निज सचिव – अध्यक्ष/सचिव/अतिरिक्त सचिव/उप सचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्तीय सलाहकार
8 समस्त सहायक सचिव/समकक्ष अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश।
9 समस्त कक्षाधिकारी/लोक सूचना/सुरक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश।
10. संचालक, एम.पी. ऑन लाईन मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

परीक्षा नियंत्रक
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश,
भोपाल